## एक नजर में



### रोजगार मेले का आयोजन 8 नवंबर को

**उज्जैन।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन 8 नवंबर शनिवार को किया जा रहा है। इस रोजगार मेले के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की बहुराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार दिया जावेगा। बैचलर आफ फार्मेसी और एमबीए पास विद्यार्थी, जिनका भाषा संचार और कंप्यूटर का ज्ञान उत्तम होगा, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। उपयुक्त योग्यता वाले विद्यार्थी डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल में 8 नवंबर को प्रात: 10 बजे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### सेन मंदिर रामघाट पर लगाया 56 भोग



**उज्जैन।** शिप्रा तट रामघाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सेन मंदिर में संत शिरोमणी सेनजी महाराज को 56 भोग अर्पित किया गया। प्रेम यादव एवं सुरेंद्र सेन ने बताया कि ओम गेहलोत एवं सोनू सेन नदी के संयुक्त संयोजन में 56 भोग का आयोजन रखा। इस अवसर पर सर्वसेन समाज के सभी बंधुओं द्वारा महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी मंगेश कश्यप, शिवनारायण झाला, महावीर सेन, पवन पड़ियाल, धर्मेन्द्र परमार, सुनील वर्मा आरओ, अनुप सेन, सोनू सेन, रितेश डंगरानी, संजय वर्मा, शीतल परमार, महिला मंडल से जया पड़ियाल, ललिता परमार, मंगला खरौड़, शीतल वर्मा आदि मौजूद रहे। यह जानकारी वीरेंद्र परमार ने दी।



### पौधे रोपे व 201 लोगों को नि:शुल्क बांटे

**उज्जैन।** वरिष्ठ समाजसेवी स्व. मुरलीधर गोयल की पुण्यतिथि पर उज्जैन के पटेल नगर स्थित उद्यान में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 21 पौधे रोपे गए वहीं 201 पौधे का लोगों को वितरण भी किया गया। नगर के पर्यावरण प्रेमी अर्पित गोयल अनंत ने बताया कि उनके दादाजी मुरलीधर गोयल भी पर्यावरण प्रेमी रहे। पुण्यतिथि कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी रामबाबू गोयल, पर्यावरण योद्धा अमिताभ सुधांशु, आयुष जयकिशन अग्रवाल, अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल, उमेश शंकर गाये, मोहनदास गोयल, मनोहर लाल गुप्ता, अंबाराम वर्मा, श्लोक अग्रवाल, सहज मित्तल सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने श्री गोयल को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इस पूरे अभियान में नगर निगम की ओर से सूरज मालवीय का विशेष सहयोग रहा।

### अन्नकूट महोत्सव में प्रतिभाओं का सम्मान

**उज्जैन।** आदि गौड़ ब्राह्मण समाज ट्रस्ट उज्जैन द्वारा समाज के श्री सिद्ध बालाजी मंदिर रामघाट मार्ग पर अन्नकूट 56 भोग अर्पण करते हुए समाज का वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी गोकुल शर्मा ने बताया कि प्रात: 10 बजे शंखनाद प्रतियोगिता प्रतियोगिता से प्रारंभ कर कलर कॉर्नर, लाठी कैच, कपल अंताक्षरी, पर्यावरण, मोबाइल, दादा-दादी विषय पर बच्चों की स्पीच प्रतियोगिता, महिलाओं के लिए बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, हाउजी, ड्राइंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसके अलावा धार्मिक प्रश्न मंच का आयोजन हुआ विशेष उपलब्धि प्राप्त प्रतिभाओं के साथ समाजसेवी सूर्य कुमार गौड़ ,श्याम सुंदर मंडोरिया, अशोक शर्मा, मातृशक्ति शारदा शर्मा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवकुमार मिश्र अलवर (राजस्थान), विशिष्ट अतिथि उमेश नारायण जी गौड़ जोधपुर, श्रवण शर्मा, स्वदेश शर्मा द्वारा महाआरती की गई। आयोजन के प्रभारी कविता शर्मा, उमा जोशी, श्रद्धा शर्मा, आराधना गंधरा,सरोज शर्मा, सुनीता शर्मा, विमल पांडे, दिलीप शर्मा, विशाल शर्मा, गौरव शर्मा, केशव जोशी, कृष्णा शर्मा, सुमित शर्मा, पंकज शर्मा सहित समाज जन उपस्थित रहे।

### पति की चलती बाइक से गिरी महिला की मौत

**उज्जैन।** पति के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे महिला अचानक गश खाकर गिर गई। उसे अस्पताल लाया जाता उससे पहले मौत हो गई। महिला के पुत्र का एक माह बाद विवाह होने वाला है। झारडा के ग्राम बामनिया में रहने वाली राधाबाई जोशी 40 वर्ष अपने पति मांगीलाल के साथ बुधवार को खरीदारी करने उज्जैन आई थी। देर रात दोनों पति-पत्नी खरीदारी करने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में ग्राम खेड़ा खजूरिया के समीप अचानक राधाबाई गश खाकर चलती बाइक से गिर पड़ी। उसे गंभीर चोट लगी थी पति लोगों की मदद से चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टर ने तत्काल उपचार के लिए भर्ती किया। लेकिन कुछ देर बाद राधाबाई की मौत हो गई। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि राधाबाई के बेटे दीपक का 10 दिसंबर को विवाह होना है उसी की खरीदारी के लिए दोनों उज्जैन आए थे और सामान लेकर वापस घर लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार घटनाक्रम किसी वाहन बसे नहीं हुआ है बाइक से गिरने पर मौत होना सामने आ रहा है। पति के बयान दर्ज कर मामले में जांच की जाएगी पोस्टमार्टम रिपोर्ट से महिला की मौत का कारण भी स्पष्ट हो जाएगा।



### 28 नवंबर को होगा स्थानीय कवि सम्मेलन

**उज्जैन।** कार्तिक मेला अंतर्गत सांस्कृतिक मंच पर आयोजित होने वाले स्थानीय कवि सम्मेलन समिति की बैठक गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में आयोजित की गई। जिसमें समिति संयोजक पंकज चौधरी द्वारा निर्णय लिया गया कि कार्तिक मेला मंच पर 28 नवंबर शुक्रवार को स्थानीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शहर के कवियों द्वारा अपनी श्रेष्ठ कविताओं का पाठ किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ कवि का सम्मान भी नगर निगम द्वारा किया जाएगा। बैठक में समिति सहसंयोजक पुरुषोत्तम मालवीय, सुशील श्रीवास उपस्थित रहे।

### मुशायरा एवं स्थानीय समिति की बैठक संपन्न

**उज्जैन।** कार्तिक मेला अंतर्गत होने वाले अखिल भारतीय मुशायरा एवं स्थानीय मुशायरा समिति की बैठक गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि 21 नवंबर शुक्रवार को स्थानीय मुशायरा एवं 22 नवंबर शनिवार को अखिल भारतीय मुशायरा का आयोजन कार्तिक मेला मंच पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें ख्याति प्राप्त शायर अपनी गजलों एवं शायरी का कालाम पेश करेंगे।

## मोक्षदायिनी शिप्रा का निखरेगा रूप, घाट निर्माण से दिखेगा नया स्वरूप

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना से चल रहे विकास कार्य

**700 करोड़ की राशि से 29 किमी .घाट हो रहे तैयार**

**घर तक जाने के लिए बन रहे एप्रोच रोड**

**उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कि मंशा के अनुरूप शिप्रा नदी को उज्जैन शहरी क्षेत्र मे दिशा देने एवं श्रद्धालुओं को सिंहस्थ व अन्य धार्मिक पर्वों पर स्नान हेतु सुगम एवं स्वच्छ स्थान प्रदाय करने के उद्देश्य से मप्र शासन द्वारा 778 करोड़ रुपए की राशी से घाट निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदाय की गयी है। सिंहस्थ कार्य के अंतर्गत शिप्रा एवं कान्ह नदी के दोनों तटों पर कुल 29 किमी के घाट, शिप्रा नदी पर 03 वेंटेड कॉज़-वे, कान्ह नदी पर 05 एवं शिप्रा नदी पर 01 बेराज़ का निर्माण भी किया जाएगा।**



नवभारत से चर्चा में जल संसाधन विभाग के अधिकारी मयंक सिंह परमार ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंगारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 29 किलोमीटर घाट बैराज और अन्य निर्माण कार्यों का जब से भूमि पूजन किया था तभी से बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं, 29 किलोमीटर जो घाट बनाए जाने हैं वह नदी का स्वरूप निखारेंगे श्रद्धालुओं को स्नान करने में आसानी होगी।

सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर जो घाट बनाया जाना है, वह त्रिवेणी संगम से प्रारंभ होंगे और केडी पैलेस तक यह घाट बनाए जाएंगे। इस श्रृंखला में उंडासा क्षेत्र में एक घाट बनकर तैयार हो चुका है ,यह पंचक्रोशी मार्ग भी है वर्ष में एक बार जो पंचक्रोशी यात्रा होती है उसके लिए भी श्रद्धालुओं को इसका लाभ प्राप्त होगा।

उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से लेकर सिंहस्थ मेला अधिकारी संभाग आयुक्त आशीष सिंह लगातार विकास कार्यों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं, 29 किलोमीटर घाट निर्माण का अवलोकन करने के लिए भी अवसर दलबल सहित पहुंचे हैं समय सीमा में सभी कार्य पूरे हो इसके लिए मीटिंगों का दौर भी लगातार चल रहा है।

#### 29 किलोमीटर लंबे घाट का निर्माण

शिप्रा नदी के किनारे 29 किलोमीटर लंबे नए घाटों का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसकी कुल लागत 778 करोड़ रुपये है। इसके साथ ही, 9 किलोमीटर लंबे स्थायी घाटों के उन्नयन का कार्य भी चल रहा है, जिसकी अनुमानित लागत 120 करोड़ रुपये है। अनुमान है कि इस व्यवस्था के तहत 24 घंटे में लगभग ढाई करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। घाटों के निर्माण से श्रद्धालुओं को स्नान के लिए पर्याप्त और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा, जिससे स्नान करने में आसानी होगी। इसके साथ ही, शासन और प्रशासन को भीड़ प्रबंधन में सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि नवीन घांटो पर आकर्षक विद्युत साज सजजा की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नए चेंजिंग रुम बनाए जाएंगे। ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उक्त घाटों का निर्माण स्थाई तौर पर किया जाएगा।



### पशुधन मेले का समापन

**उज्जैन।** कार्तिक मेले के सांस्कृतिक मंच पर गुरुवार को पशुधन मेले का समापन निगम अध्यक्ष कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। देश में विख्यात उज्जैन शहर का पशुधन मेला जो कि आकर्षण का केंद्र रहता हैं पशुधन समिति द्वारा नवाचार के रूप में अन्य पशुओं के साथ पाड़ों को भी पुरस्कृत किया है जो कि सराहनीय है। यह बात निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा पशुधन मेले के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर कही गई। पशुधन समिति संयोजक कैलाश प्रजापत, सह संयोजक हेमंत गेहलोत, छोटेलाल मंडलोई द्वारा निगम अध्यक्ष कलावती यादव का दुपट्टा एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस वर्ष निगम द्वारा पशुधन मेले में नवाचर करते हुए स्वस्थ्य, स्वच्छ एवं सुंदर पशु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मालिक प्रदीप झाझोट के पाड़े को 11 हजार रुपए की राशि, दिनेश प्रजापत की घोड़ी को 5100 रुपये की राशि एवं रोहित बागरी के गधे को 5100 रुपये की राशि से पुरस्कृत किया गया, साथ ही अन्य पशु मालिकों को पानी के जार प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर समिति के संजेश गुप्ता, छगनलाल चक्रवर्ती, रमेश चंद, मुन्ना लाल, राधा कृष्ण, आनंद लूनिया, कैलाश लूनिया, कमल प्रजापत, गुड्डू प्रजापत, विजय रॉयल आदि मौजूद रहे।

## मीटिंग से लौट रहे बाइक सवारों के सामने आया कुत्ता

### हादसे में एक की मौत दूसरा हुआ गंभीर घायल

**उज्जैन। खुले रूप से विचरण करते मवेशियों के बाद सड़कों पर दौड़ते कुत्ते अब मौत का खतरा बन गए हैं। बीती शाम एक बार फिर बाइक के सामने कुत्ता आने पर वृद्ध की मौत हो गई और दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। एक अन्य घटना में भी बाइक के सामने कुत्ता आने पर दंपति बुरी तरह से घायल हुए हैं।**

हातोद के ग्राम कांकरी पाल का रहने वाला सुमेर पिता चैन सिंह यादव 62 वर्ष उज्जैन में समाज की मीटिंग होने पर दोस्त कल्याण पिता राधाकिशन के साथ आया था। द्वारा शाम दोनों वापस लौट रहे थे फतेहाबाद के समीप शनि मंदिर के सामने से गुजरते वक्त अचानक बाइक के सामने कुत्ता आ गया। संतुलन बिगड़ने पर सुमेर सिंह और कल्याण गिर कर गंभीर घायल हो गए उन्हें तत्काल समीप के अस्पताल ले जाया गया जहां से उज्जैन रेफर किया गया लेकिन सुमेर सिंह की मौत हो चुकी थी। कल्याण की हालत गंभीर होने पर उसे इंदौर रेफर कर दिया गया। परिवार जानकारी मिलते ही उज्जैन पहुंच गया था। सुमेरसिंह का गुरुवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है। फतेहाबाद के समीप हुई दुर्घटना के साथ ही बड़नगर रोड इंगोरिया में भी इसी तरह का हादसा होना सामने आया बदनावर का रहने वाला नंदराम अपनी पत्नी पुष्पा के साथ रामपाल आश्रम उज्जैन आया था दोनों बुधवार रात वापस लौट रहे थे इंगोरिया के समीप बाइक के सामने कुत्ता आ गया। बाइक की रफ्तार तेज थी संतुलन बिगड़ गया और दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है।

#### बदमाशों ने मजदूर को ट्रेन के सामने फेंका, पैर कटा

उज्जैन। जीरो पाइंट ब्रिज के पास रेलवे पटरी पर एक युवक ट्रेन के नीचे आ गया। उसका पैर कर चुका था। रात में उसे अस्पताल पहुंचाया गया, सुबह युवक का कटा पर लेकर जीआरपी अस्पताल लेकर पहुंची। घायल ने बताया कि चार लोगों ने मारपीट कर उसे ट्रेन के सामने फेंक दिया था। मक्सी के ग्राम पलदुना में रहने वाला लखन पिता मांगीलाल का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है। उसका रात में ट्रेन के नीचे आने से एक पैर कट गया था आज सुबह जीआरपी उसका काटा पर लेकर अस्पताल पहुंची। इस दौरान घायल लखन ने बताया कि वह दो माह से उज्जैन में रहकर मजदूरी का काम कर रहा है और घास मंडी स्थित सराय से मजदूरी के लिए जाता है। रात में देवास गेट के आसपास फुटपाथ पर सोता है। बुधवार को मजदूरी कर लौटा था और सराय से खाना लेकर वापस देवास गेट आ रहा था। उसी दौरान जीरो पाइंट ब्रिज के पास पटरी किनारे चार अज्ञात लड़कों ने उसे रोका और बेवजह मारपीट कर पटरियों पर फेक दिया वह बेसुध हो चुका था पटरी से उठ पाता उससे पहले ही ट्रेन आ गई और उसका पैर कट गया। जीआरपी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है घायल के बयान दर्ज कर परिजनों को सूचना दी गई है। घटना का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे जाएंगे।

#### सांवरिया पेट्रोल पंप किया सील

उज्जैन। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिले में संचालित पेट्रो, डीजल पम्प का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। 4 नवंबर को जिला आपूर्ति नियंत्रक शालू वर्मा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रविन्द्र सिंह सेंगर, सुरभि जैन द्वारा अनुविभाग बड़नगर स्थित श्री सांवरिया पेट्रोल पम्प की संयुक्त जांच की गई। जिसमें विभिन्न अनियमितताएं स्टॉक रजिस्ट्रर अद्यतन नहीं, विस्फोटक विभाग से प्राप्त भण्डारण क्षमता से अधिक भंडारण, नोजल से शोर्ट डिलेवरी आदि पाये जाने पर मोटर स्प्रिट और उच्च वेग डीजल आदेश 2005 का प्रावधानो का उल्लंघन करने पर श्री सांवरिया पेट्रोल पम्प को आगामी आदेश तक सोल किया गया है। प्रकरण में 1,997 लीटर पेट्रोल, 17,162 लीटर डीजल कुल राशि 17,91,173/- (अक्षरी सत्रह लाख इनक्यानवे हजार एक सौ तिहत्तर रूपये) का फ्यूल जब्त किया गया है।

## चौड़ीकरण में आ रहे धार्मिक स्थलों के चिन्हित भाग को स्वयं हटाएं



**उज्जैन। आगामी सिंहस्थ 2028 अन्तर्गत शासन द्वारा शहर आने वाले नागरिकों एवं श्रृद्वालुओं के सुलभ आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए शहर के आंतरिक मार्गो का चौड़ीकरण किया जा रहा है। जिसमें शहर के नागरिकों द्वारा आगे बढ़कर सहभागीता करते हुए अपने भवनों के चिन्हित भाग को स्वयं हटाया जा रहा है। जिसके लिए समस्त नागरिकों का धन्यवाद।**

इसी के साथ ही गुरूवार को गाड़ी अड्डा से बड़े पुल तक चौड़ीकरण मार्ग अन्तर्गत बीयाबानी चौराहे पर स्थित संभवनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट मंडल द्वारा जैन मंदिर के चिन्हित भाग को स्वयं हटाए जाने की कार्यवाही आरंभ की गई जो कि शहर विकास के लिए एक अनुकरणीय पहल है जिसके लिए जैन समाज का साधुवाद।

महापौर मुकेश टटवाल द्वारा शहर में प्रचलित चौड़ीकरण कार्यो अन्तर्गत चिन्हित किये गए धार्मिक स्थलों के धर्मावलियों से अनुरोध किया है कि जिस प्रकार जैन समाज द्वारा शहर विकास में आगे आकर जैन मंदिर के चिन्हित भाग को हटाना प्रारंभ किया है ठीक उसी प्रकार आप भी अपने धार्मिक स्थल के चिन्हित भाग को हटाना आरंभ करें इस हेतु आपको निगम से जो भी सहयोग अपेक्षित होगा वह निगम द्वारा आपको उपलब्ध कराया जाएगा।

## डोर टू डोर एवं रोड स्वीपिंग का कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर अलग ही आना चाहिए



**उज्जैन।** नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा गुरुवार को एमआर-5 रोड स्थित ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया गया कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन एवं रोड स्वीपिंग में निकलने वाले कचरे को अलग-अलग गीला एवं सूखा संग्रहित किया जाए। जिन गाड़ियों में पार्टीशन नहीं है उनमें पार्टीशन करवाया जाए ताकि अलग-अलग कचरा संग्रहित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा एमआर 5 ट्रांसफर स्टेशन पर लिगेसी वेस्ट कचरे के निष्पादन की प्रक्रिया में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही समस्त झोन के स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वार्डों में कचरा संग्रहण के दौरान रहवासियों को समझाइश देने का कार्य करें कि कचरा गाड़ी में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग दिया जाए यह शहर की स्वच्छता के प्रति आपकी जिम्मेदारी बनती है। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय, रवि राठौर, उपयंत्री कृष्णा भूरिया, स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक उपस्थित रहे।

## खातों का दुरुपयोग कर अवैध ट्रांजैक्शन करने वाला रिमांड पर

### नौकरी का झांसा देकर युवक के खुलवाए थे तीन अकाउंट

**उज्जैन।** नौकरी का झांसा देकर युवक के 3 बैंक खाते खुलवा एटीएम प्राप्त कर लाखों का अवैध ट्रांजेक्शन करने वाले शातिर बदमाश को इंदौर-उज्जैन के बीच चलने वाली बस से पुलिस ने हिरासत में लिया है। जिसे गुरुवार को न्यायालय में पेश कर चार दिनों की पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है।



माधवनगर थाना एसआई सालगराम चौहान ने बताया कि चिंतामण क्षेत्र के ग्राम टकवासा में रहने वाले गौरीशंकर पिता शिवनारायण पटेल 32 साल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे नौकरी का झांसा देकर 2 माह पहले मनीष शर्मा नामक व्यक्ति ने 3 खाते आईडीएफसी, इंडसइंड और आईसीआईसीआई बैंक में खुलवाये थे। कुछ समय से खाते में हर 2-4-10 दिन में लाखों रुपए आ रहे है। खाते खुलवाने के दौरान एटीएम भी मनीष ने अपने पास रख लिये थे। उसके नाम के खातों का उपयोग अवैध ट्रांजेक्शन में किया जा रहा है। शिकायत की जांच के बाद मामले में धारा 318 (4) का प्रकरण दर्ज किया गया। मनीष शर्मा की तलाश करने पर पता चला कि वह इंदौर से उज्जैन आता है, बुधवार को भी उज्जैन आने वाला है। एसआई चौहान के अनुसार जानकारी मिलने पर प्रधान आरक्षक रवि शर्मा और आरक्षक संजय बिजापारी के साथ निनौरा टोल नाके चैकिंग पाइंट लगाया गया और उज्जैन आ रही बस में सवार मनीष शर्मा को हिरासत में लिया गया। थाने लाकर पूछताछ करने पर उसका नाम मोहम्मद इमरान उर्फ मनीष शर्मा 32 साल निवासी कोटड़ी जमालचौक, गोवर्धनपुरा, कोटा (राजस्थान) होना सामने आया। उसके पास से 2 मोबाइल फोन, 5 सिम कार्ड, 1 मोमेरी कार्ड, 9 बैंकों के एटीएम कार्ड के साथ फर्जी आईडी और दस्तावेज बरामद किये गये। आरोपित से अवैध ट्रांजेक्शन के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। गुरुवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में उसने राजस्थान के रहने वाले व्यक्ति के लिये काम करना स्वीकार किया है। जिसकी तलाश में एक टीम राजस्थान भेजी जाएगी। जिसके गिरफ्त में आने पर अवैध ट्रांजेक्शन गिरोह का बड़ा खुलासा हो सकता है।

**अभिनेता मंदिर में** प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता रवि मोहन महाकाल की भस्म आरती में शामिल

## महाकाल मंदिर के कोटि तीर्थ कुंड पर स्थित श्रीनाथजी को लगा अन्नकूट

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** बैकुंठ चतुर्दशी पर्व के अवसर पर महाकाल मंदिर परिसर में स्थित कोटि तीर्थ कुंड के किनारे पुजारी बाला गुरु के कक्ष में विराजित भगवान श्रीनाथजी को पुजारी नयन गुरु द्वारा अन्नकूट लगाया गया। अल सुबह हुई भस्मारती में पुजारी गण श्रीनाथजी को हरिहर मिलन के लिए गर्भगृह में ले गए। पूजन-अर्चन करने के पश्चात भगवान को पुन: उनके स्थान पर विराजित कर मिठाई, नमकीन, फल और ड्रायफ्रूट्स का भोग लगाकर अन्नकूट की झांकी सजाई गई व आरती की गई। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता रवि मोहन ने उज्जैन प्रवास के दौरान भगवान महाकाल की भस्म आरती की व दर्शन कर आशीर्वाद लिया। पुजारी आकाश गुरु ने उनका पूजन संपन्न कराया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से भी उनका स्वागत सम्मान किया गया। रवि मोहन भगवान महाकाल के दरबार में आकर काफी खुश नजर आए। वे पहली बार महाकाल के दर्शन करने पहुंचे थे। मंदिर की व्यवस्थाओं से भी वे संतुष्ट हुए और उन्होंने समिति को धन्यवाद दिया।



#### प्रभु प्रेमी संघ ने मनाया गुरुदेव का जन्मोत्सव




**उज्जैन।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर स्वामी अवधेशानंद गिरिजी महाराज की संस्था प्रभु प्रेमी संघ परिवार के अनुयायियों ने गुरुदेव का जन्मोत्सव मनाया। संस्था अध्यक्ष अजय पाण्डे ने बताया कि सर्वप्रथम भक्तों ने पादुका पूजन एवं सत्संग किया। साथ ही अन्नकूट 56 भोग लगाकर सभी भक्तों ने दीपदान भी किया। भजन संध्या के साथ सभी बहनों ने गरबा किया। गुरुदेव की आरती के उपरांत सभी गुरु भाई बहनों ने मिलकर प्रसादी ग्रहण की।

### 5 से कबड्डी स्पर्धा होगी

**उज्जैन।** स्व. भगत सिंह तोमर के स्मृति में नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा कार्तिक मेला स्थित कबड्डी एरिना में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसके संबंध में गुरुवार को कबड्डी प्रतियोगिता के संयोजक दिलीप परमार की उपस्थिति में समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया कि 25 से 28 नवंबर तक अखिल भारतीय कबड्डी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 16 टीम भाग लेगी जिसमें गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, मुंबई, हरियाणा, दिल्ली, रेलवे पुलिस की टीमें भागीदारी करेंगी। प्रतियोगिता के संयोजक दिलीप परमार द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि नगर निगम द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 01 लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार 51 हजार, तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार 11-11 हजार रुपए के रहेंगे। बैठक में सहसंयोजक पुरुषोत्तम मालवीय, प्रकाश शर्मा, सुरेंद्र मेहर, सह सचिव पवन कुमार फुल फकीर उपस्थित रहे।